# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

संविधान दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आयोजित समारोह में संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया और संविधान निर्माताओं को नमन किया। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने सबसे पहले संविधान के रूप में एक भारत श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने जो संविधान छब्बीस नवम्बर उन्नीस सौ उन्चास को दिया था, उसमें सेक्युलर और समाजवादी शब्द नहीं थे। उनकी अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यो को संविधान में शामिल कर के देश को एक सशक्त भविष्य दिया। श्री योगी ने कहा कि भारत का संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में जागरूकता रैली, शपथ और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

**********

प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को सशक्त करने के लिये प्रदेश सरकार ने नई पहल की है। अब राज्य में मण्डलायुक्त और जिलाधिकारियों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट यानी एसीआर में निवेश आकर्षण और ऋण जमा अनुपात वृद्धि को भी शामिल किया जायेगा। इस पहल के साथ उत्तर प्रदेश, ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस सम्बन्ध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। जिलाधिकायों और मण्डलायुक्तों के प्रदर्शन का आंकलन उनके जिलों में ऋण जमा अनुपात में की गयी प्रगति के आधार पर भी किया जायेगा।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस को भव्य और दिव्य बनाने के लिये हो रही तैयारियों का कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, महाकुंभ के लिये दो सौ अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इन परियोजनाओं में महाकुंभ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ–साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण भी शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री, स्वच्छाग्रहियों और सफाईकर्मियों को यूनिफार्म किट और नाविकों को लाइफ जैकेट सहित विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित करेंगे।

**********

महाकुंभ–दो हजार पच्चीस में श्रद्धालुओं की सुविधा क लिये उत्तर प्रदेश  राज्य सड़क परिवहन निगम इक्कीस सौ स्पेशल बसें गोरखपुर परिक्षेत्र से होकर संचालित करेगा जो महाकुंभ मेला के लिये जायेंगी। ये बसें गोरखपुर परिक्षेत्र के अड़तीस स्थानों से होकर गुजरेंगी। इनमें तीन सौ नब्बे महाकुंभ स्पेशल बसें गोरखपुर परिक्षेत्र के विभिन्न डिपो से चलायी जायेंगी।

**********

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को अलग से पांच लाख रूपये तक का टॉप–अप कवर मिलेगा। ये टॉप–अप उनके परिवार के अन्य सदस्यों को मिलने वाली पांच लाख रूपये तक की धनराशि के अतिरिक्त होगा। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रेहेंसिव हेल्थ एण्ड इंटीग्रेटेड सर्विसेज की सीईओ संगीता सिंह के मुताबिक अब तक प्रदेश में सवा दो लाख से अधिक बुजुर्गों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवा लिये हैं। इनमें वाराणसी पहले स्थान पर जबकि लखनऊ दूसरे, बरेली तीसरे, सहारनपुर चौथे और आगरा पांचवें स्थान पर है।

**********

नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता की आज से शुरूआत हो गयी। लखनऊ के गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिये अपनी शुभकामनाएं दीं। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेल भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिये तमाम योजनायें शुरू की हैं ताकि बच्चों में खेलों के प्रति रूचि जागृत हो।

**********

वाराणसी में बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सेवा योजन कार्यालय वाराणसी तीस नवम्बर को महारोजगार मेले का आयोजन करेगा। डॉक्टर घनश्याम सिंह पीजी कॉलेज में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में आठ से दस हजार युवाओं के प्रतिभाग करने की सम्भावना है। क्षेत्रीय सेवा योजन अधिकारी दीप सिंह ने बताया कि मेले में पचास राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भाग लेंगी। रोजगार मेले में करीब चार हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है।

**********

प्रदेश के बांदा जिले के रहने वाले अर्श मोहम्मद ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित सैंतालीसवीं इंटर जोनल–इण्टर स्टेट और जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में बालक युगल का स्वर्ण पदक जीता है। उन्नीस से पच्चीस नवम्बर तक खेली गयी इस प्रतियोगिता में अर्श ने अपने राजस्थान के जोड़ीदार संस्कार सारस्वत के साथ फाइनल प्रतियोगिता में मिथिलेश पी. कृष्णन और ए. मुरूगन को इक्कीस–सोलह और इक्कीस–उन्नीस से हरा कर यह सफलता हासिल की।

**********

वाराणसी में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से सात बार लगातार भाजपा से विधायक रहे श्याम देव राय चौधरी का आज निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा है कि श्यामदेव राय चौधरी ने न केवल संगठन को सींचने और सवांरने में अहम योगदान दिया बल्कि काशी के विकास के लिये भी वे पूरे समर्पण भाव से जुटे रहे। उनका जाना काशी के साथ–साथ पूरे राजनीतिक जगत के लिये एक अपूरणीय क्षति है।

**********